हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

14 मेडिकल कॉलेज में अब तक सुपर स्पेशलिस्ट...



14 रोजगार मेला युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार...






कनीना। सड़क हादसे में घायल युवकों को हायर सेंटर ले जाती एंबुलेंस।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर उन्हाणी नहर के समीप मंगलवार सुबह करीब दस बजे कार व बाइक के बीच घटित एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान गांव सिसोठ निवासी संजय व रणबीर के रूप में हुई है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायल संजय ने बताया कि वह अपने साथी रणबीर के साथ बाइक पर सवार होकर महेंद्रगढ़ से कनीना की ओर जा रहे थे। उन्हाणी नहर के समीप पहुंचे तो एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे बाइक सहित सड़क पर गिर कर घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# अलग-अलग मामलों में आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

इस अभियान के तहत थाना अटेली पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए बेवल निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। वहीं सिटी नारनौल पुलिस ने कई अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लूट के आरोप में मोहल्ला सलामपुरा निवासी सतीश पुत्र ओमप्रकाश और मारपीट के मामले में गांव नूनी अव्वल निवासी कैलाश चंद को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त सिटी नारनौल पुलिस ने ही लापरवाही से हुई मौत (सड़क दुर्घटना) के मामले में झुंझुनूं निवासी महिपाल, क्रिमिनल ट्रेसपास के मामले में भिवानी निवासी रोशनलाल और आगजनी के मामले में नारनौल निवासी रवि कुमार को काबू किया है। थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीम ने भी लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने और चोट पहुंचाने के आरोप में फिरोजाबाद निवासी इंद्रजीत को गिरफ्तार किया है।

# स्कॉलरशिप के लिए अंतिम अवसर, 28 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- आधार लिंक बैंक खातों में सीधा आएगा पैसा सभी विद्यार्थियों को पोर्टल पर नया पंजीकरण करना अनिवार्य होगा

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और विमुक्त जातियों के विद्यार्थियों के लिए उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति की आवेदन प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इस बार पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इसे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्थानांतरित किया गया है, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जिन पात्र विद्यार्थियों की पारिवारिक वार्षिक आय ढाई लाख रुपये तक है, वे समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण कर लें ताकि तकनीकी दिक्कतों से बचा जा सके। इस नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, लेकिन इसके लिए बैंक खाते का आधार से जुड़ा होना अनिवार्य है।

नगराधीश डॉ. मंगलसेन ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस सत्र में सभी विद्यार्थियों को पोर्टल पर नया पंजीकरण करना होगा। सरकार ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जीरो फीस पर दाखिले की व्यवस्था भी की है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र बिना किसी अग्रिम शुल्क के अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के अनुसार यह वार्षिक भत्ता 2,500 रुपये से लेकर 13,500 रुपये तक तय किया गया है, जिसमें दिव्यांग विद्यार्थियों को 10 प्रतिशत की अतिरिक्त सहायता राशि भी दी जाएगी।

प्रशासन ने आवेदन के सत्यापन के लिए भी समय-सीमा तय की है। संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आवेदन मिलने के 10 दिनों के भीतर वेरिफिकेशन पूरा करें, जिसके बाद जिला और राज्य स्तर से मंजूरी मिलते ही मात्र चार दिनों के भीतर पैसा सीधे छात्र के खाते में भेज दिया जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी को फॉर्म भरने में कोई परेशानी आ रही है, तो वह जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के अंत्योदय केंद्र पर जाकर सहायता ले सकता है।

# सीजेएम ने ली अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने आज एडीआर सेंटर में पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने निर्देश दिए कि वह अपने सभी केसों को नालसा पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों को आगामी 14 मार्च को होने वाली लोक अदालत के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक केस लगवाकर अपने केसों का निपटारा करवाएं।







## किसानों ने नहरों के किनारे ईंधन, कुरड़ी, कड़बी डालकर किया अतिक्रमण

# नहरों पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, जल प्रबंधन पर फोकस

क्षेत्र में नहरों पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जों के खिलाफ नहर विभाग सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। नहरी रास्ते से अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

क्षेत्र में नहरों पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जों के खिलाफ नहर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत नहरी मार्गों के दोनों किनारों पर किसानों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है, ताकि नहरों की नियमित देखरेख, मरम्मत और जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। गांव हुडीना में सरकारी काम में बाधा डालने पर एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है।

नहर विभाग के अनुसार, लंबे समय से आसपास के किसानों द्वारा नहरों के किनारे ईंधन, कुरड़ी, कड़बी सहित अन्य कृषि सामग्री डालकर अतिक्रमण किया हुआ था। इन अवैध कब्जों के कारण नहरों के किनारे बने निरीक्षण मार्गों से विभाग के चार पहिया वाहन नहीं गुजर पा रहे थे। वाहन न पहुंच पाने के कारण नहरों की नियमित चेकिंग बाधित हो रही थी, जिससे कई स्थानों पर नहरों के क्षतिग्रस्त होने और टूटने की आशंका बनी हुई थी। नहर विभाग का कहना है कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए यह अभियान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। गर्मियों में जल की मांग बढ़ जाती है और यदि नहरों की क्षमता प्रभावित होती है, तो क्षेत्र के किसानों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने निर्णय लिया है कि सभी नहरों को पूर्णतया अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी जोहड़ों, पीने के पानी के टैंकों और सिंचाई टैंकों को पूरी तरह भरने की योजना बनाई गई है।

### प्रशासन गंभीर

नहर जल सेवा मंडल नारनौल के कार्यकारी अभियंता संदीप नसीहर ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित नहरों से अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश जारी किए। उनके निर्देशों के बाद नहर विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान नहरी मार्गों को पूरी तरह साफ कराया गया, ताकि निरीक्षण वाहन आसानी से नहरों के किनारे से गुजर सकें और नियमित जांच संभव हो सके।

### सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप

नहर विभाग की जेसीबी जब गांव हुडीना में नहर किनारे चल रही थी, तब गांव के महीपाल नामक व्यक्ति ने अतिक्रमण हटाने में व्यवधान डाला तथा कर्मचारियों से बदतमीजी की। इसके फलस्वरूप नहर विभाग के एसडीओ की ओर से आरोपित महीपाल के खिलाफ पुलिस में सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत दी गई है।

### नहरों की सिचाई में अहम भूमिका

नहर विभाग के उपमंडल अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू परिमंडल के अंतर्गत आने वाले नारनौल उपमंडल नंबर एक के अंतर्गत नारनौल ब्रांच, सिलारपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, गुलावला माइनर, मेई डिस्ट्रीब्यूटरी, मित्रपुरा डिस्ट्रीब्यूटरी, अटेली डिस्ट्रीब्यूटरी, सलीमपुर माइनर, खेड़ी माइनर, रामपुर सब माइनर, अटेली माइनर, बिहाली सब माइनर, नवलपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, श्यामपुर माइनर, नागर माइनर, नीरपुर माइनर, दताल माइनर और बूढ़वाल सब माइनर सहित कई प्रमुख नहरें आती हैं। ये सभी नहरें क्षेत्र के जोहड़ों, तालाबों, पीने के पानी के टैंकों और सिंचाई टैंकों को भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के चलते नहरों की मरम्मत और देखरेख में भारी परेशानी आ रही थी। कई स्थानों पर नहरों की दीवारों और किनारों पर दबाव बढ़ने से उनके टूटने का खतरा बना हुआ था। यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया जाता, तो आने वाले समय में जल आपूर्ति व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता था।

### यह बोले एसडीओ

अतिक्रमण से विभाग एवं किसानों दोनों को ही परेशानी होती है। किसानों से अपील भी की है कि वे नहरों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और विभाग की कार्रवाई में सहयोग दें। नहरें सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। यदि भविष्य में फिर से अतिक्रमण पाया गया, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

– राजेश वर्मा, एसडीओ, नहर विभाग, नारनौल।

### इन नहरों पर भी चल रहा अभियान

वर्तमान में गुलावला माइनर, नवलपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, सलीमपुर माइनर एवं दताल माइनर पर अतिक्रमण हटाने का कार्यचल रहा है और विभाग ने नहरों पर अतिक्रमण संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंचों के माध्यम से उपरोक्त अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी कर रखे हैं। नोटिस की मियाद पूरी होने उपरान्त विभाग ने अतिक्रमण हटाना चालू किया है और अतिक्रमण हटाने में जो भी हर्जा खर्चा आएगा, वह भी अतिक्रमणकर्ता से वसूल किया जाएगा।

## आभूषण चोरी मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने दी कनीना में दबिश

- जुलाई 2025 में आरोपितों ने महाराष्ट्र में दिया था घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव खेड़ी तलवाना में दबिश दी। जहां आरोपितों की ओर से चोरीशुदा आभूषण एक सुनार को बेचने की बात सामने आ रही है। पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। मंगलवार को कनीना पहुंची महाराष्ट्र पुलिस के एएसआई ने बताया कि बीते जुलाई माह में आरोपितों ने पुलिस कर्मचारी दंपति के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें चोरों ने करीब 15 तोले सोना व अन्य सामान चोरी किया था। जिसका पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कड़ी से कड़ी जोड़ने का प्रयास किया। जो लगभग सफलता की अंतिम सीढ़ी पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद दो जगह चोरी की वारदात हुई। उनमें भी कमोबेश उन्हीं करीब चार आरोपितों की शिनाख्त हो रही है। पुलिस ने माना की चोरी का एक आरोपित जेल में है, जबकि दूसरे को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। उसके बताए अनुसार चोरीशुदा माल खेड़ी में सुनार से बेचे जाने की बात कही है।

### सैनी सभा की चुनाव प्रक्रिया शुरू चुनाव अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**नारनौल।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था सैनी सभा रजिस्टर्ड में त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गई है। चुनावों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी सैनी सभा के महासचिव श्री निहाल सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अनुभवी एवं सम्मानित व्यक्तियों को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की सभी औपचारिकताएं प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि संदीप सैनी एडवोकेट को चुनाव अधिकारी, लेक्चरर सुरेंद्र सैनी को उप-चुनाव अधिकारी तथा रोशन लाल सैनी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कार्यकारिणी की उक्त बैठक में ड्रॉ प्रक्रिया द्वारा कॉलेजियम संख्या 4, 16, 17, 21, 31, 38, 40, 47, 60, 80, 92, 102, 106, 112, 133 एवं 153 को महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने का निर्णय भी लिया गया। जिससे चुनाव प्रक्रिया में महिला सहभागिता को प्रोत्साहन मिलेगा। महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही सैनी सभा की त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया गति पकड़ चुकी है और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी शीघ्र ही सभी सदस्यों को दी जाएगी।

# किसानों का मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन

- बार-बार एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगा चुके किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय में जिला महेंद्रगढ़ के 765 केवी सीकर–नरेला व खेतड़ी–नरेला लाइन से पीड़ित सैकड़ों किसान भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब के नेतृत्व में एसडीएम अनिरुद्ध यादव से मिले। सतेंद्र लोहचब ने जिला प्रशासन को पावरग्रिड द्वारा सीकर–नरेला एचटी लाइन से संबंधित सहायक दस्तावेज (लाइन मैपिंग व केएमजेड फाइल) इत्यादि नहीं उपलब्ध करवाने बारे शिकायत की तथा जिला प्रशासन द्वारा भी जमीन से संबंधित सजरा आदि उपलब्ध करवाने बारे में अवगत करवाया, ताकि किसान अपनी जमीन के वास्तविक मार्केट मूल्य के निर्धारण को कागजी तौर पर मजबूती से पेश कर सकें। एचटी लाइन के कॉरिडोर में आने वाली संपत्ति जैसे ट्यूबवेल, मकान, प्रतिष्ठान आदि की पूरी लागत मिले, इसके लिए भी प्रशासन से पावरग्रिड को बाध्य करने की मांग उठाई। वहीं खेतड़ी–नरेला लाइन से पीड़ित किसानों ने बताया कि वे बार–बार एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई हैं।

एसडीएम नारनौल द्वारा एक ही जवाब बार–बार दिया जाता है कि हमारी तरफ से पावरग्रिड को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन पावरग्रिड की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। यह जवाब किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। जिला प्रशासन को पावरग्रिड के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। सभी किसानों ने एकता कर आगे बढ़ने का प्रण किया। पावर ग्रिड मैनेजमेंट के हर षड्यंत्र का उचित जवाब देते के लिए किसान कटिबद्ध हुआ। किसानों ने बताया कि पूरे महेंद्रगढ़ जिले के किसान एकसाथ है। अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब, किसान मनोज कुमार, रामनिवास, विनोद चौधरी, सत्यवीर, राजबीर, राजकुमार, रमेश, सचिन, दयाराम, ओमप्रकाश, पंकज, सुल्तान सिंह, हवासिंह, भूपेन्द्र, विक्रम, रोहतास, पवन, धर्मपाल, लीलू, रामफल, राजबीर, रामानंद व राकेश मौजूद रहे।




## देवयानी स्कूल के मयंक यादव का मिलिट्री एग्जाम में टॉप रैंक, परिवार में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल का छात्र मयंक यादव पुत्र इंद्रजीत यादव गांव मुंडायन ने राष्ट्रीय मिलिट्री एंट्रेंस एग्जाम में छठी कक्षा के लिए 150 अंक में से 132 अंक हासिल कर अपनी कैटेगरी में टॉप बच्चों में जगह बनाई। विद्यालय प्रशासन के द्वारा प्रार्थना सभा के दौरान भव्य समारोह का आयोजन कर छात्र मयंक यादव का सम्मान किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकार और नगद राशि प्रदान की। राष्ट्रीय मिलिट्री एंट्रेंस एग्जाम की पूरी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया की कक्षा-कक्ष की तैयारी से एकेडमिक में सब कुछ हासिल किया जा सकता है। बच्चों की दैनिक दिनचर्या में ही थोड़ा फेर बदल कर लगातार प्रयास कर यह सफलता पाई है। चेयरमैन सुनील कुमार ने राष्ट्रीय मिलिट्री एग्जाम की तैयारी करवाने वाली टीम और विजेता विद्यार्थी 2100 व 11 हजार रुपये का चैक भेंट कर सभी को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष में केवल पांच ही मिलिट्री स्कूल है, जिसमें केवल 336 सीट है। जिसके लिए लाखों बच्चे हर साल इस एग्जाम में बैठते हैं। मयंक यादव की कैटेगरी में केवल 58 सीट है, जिसके लिए कड़ा मुकाबला है। इतनी कम सीट किसी भी एंट्रेंस एग्जाम में नही है। छात्र मयंक के इस सफल प्रयास से बच्चे ने क्षेत्र में माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया। क्षेत्र के सभी बच्चों के लिए प्रेरित करने वाली यह बहुत बड़ी एचीवमेंट है।

## क्रिकेटर कनिष्क चौहान को किया राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। कनिष्क चौहान को चांदी का मुकुट पहनाते अतरलाल व अन्य।

प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भारत की अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी कनिष्क चौहान को को साफा और चांदी का मुकुट पहनाकर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कनिष्क चौहान के पैतृक गांव कुलाना में आयोजित सार्वजनिक अभिनंदन समारोह में पहुंचकर कनिष्क चौहान को सम्मानित किया। उक्त जानकारी देते हुए प्रजा भलाई संगठन के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर मुकेश तंवर ने बताया कि ने कहा कि कनिष्क चौहान ने जिंबॉब्वे में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबले में शानदार पारी खेलते हुए 20 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बनाकर भारतीय टीम का स्कोर 411 तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट हासिल किए तथा इंग्लैंड की तरफ से शतक बनाने वाले फाल्कनर जैसे जमे हुए बल्लेबाज को आउट कर टीम इंडिया की जीत को सुनिश्चित कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतरलाल एडवोकेट ने कहा कि खिलाड़ी देश की शान तथा गौरव होते हैं। इस तरह के सम्मान समारोह आयोजित करने से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है और दूसरे खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलती है।





# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

## लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



## हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

## टीवी मसाला





# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री


**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ लेगा हड़ताल में भाग

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश सचिव धर्मपाल शर्मा, जिला प्रधान घनश्याम दास शर्मा व जिला सचिव रोशनलाल निंबल ने संयुक्त बयान मे बताया कि संघ चार लेबर कानूनों को वापस करवाने के लिए 12 फरवरी की हड़ताल में भाग लेगा। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव धर्मपाल शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन का दूसरा राष्ट्रीय अधिवेशन हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 22-23 फरवरी को सैनी समाज धर्मशाला में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में रिटायर्ड कर्मचारी को आने वाली समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

### राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिन पर हवन

**नांगल चौधरी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के 75 वें जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ता यादव धर्मशाला में हवन करेंगे। इसके बाद बाबा मुकंददास गोशाला में सवामणी करके गायों की सेवा करेंगे। इस दौरान जरूरतमंदों को वस्त्र व मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। मंडल प्रधान कर्मवीर सिंह ने बताया कि राव इंद्रजीत सिंह का राजनीतिक जीवन बेदाग रहा है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश में मंत्री रहते हुए जनसेवा को प्राथमिकता दी है। नांगल चौधरी हलके के कार्यकर्ता 11 फरवरी को सामुहिक रूप से सुबह आठ बजे यादव सभा में हवन में आहूति डालकर दीर्घायू व उत्तम स्वास्थ्य की मन्नतें मांगेगे। इसके बाद गोशाला में गायों को पौष्टिक आहार खिलाएंगे।

### स्वयंसेवकों ने कैंप में करवाई स्वास्थ्य की जांच

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय छिलरो की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विभिन्न जागरूकता एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी वॉलिंटियर्स ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिलरो का भ्रमण किया। इस अवसर पर वॉलिंटियर्स ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास पॉलिथीन एकत्र कर साफ-सफाई अभियान चलाया। इसके पश्चात डॉ. अमित, डॉ. रितिका, डॉ. सोनिका एवं उनके सहयोगियों द्वारा सभी वॉलिंटियर्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान छात्र-छात्राओं के रक्त की मात्रा, रक्तचाप एवं शुगर की जांच की गई, जिसमें अधिकांश वॉलिंटियर्स के स्वास्थ्य मानक सामान्य पाए गए।

### चंदपुरा सीनियर सेकेंडरी में कराया योगाभ्यास

**नारनौल।** हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग तथा खेल एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे विशेष योग अभियान के अंतर्गत सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदपुरा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला व योग कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयुष विभाग के योग शिक्षक व चंदपुरा योगशाला के प्रभारी अमित रोहिल्ला ने बच्चों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया व उसके फायदे के बारे में बताया।

### दिव्यांग कर्मचारियों की सेवा आयु घटाने पर रोष

**नारनौल।** प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों की सेवा आयु से संबंधित नियमों में किए गए संशोधन को लेकर प्रदेशभर में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में विकलांग संघ उमंग के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपते हुए गत 3 फरवरी 2026 के गजट नोटिफिकेशन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की संघ के जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016 के नियम 143 में संशोधन कर 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग कर्मचारियों की 60 वर्ष की सेवा आयु व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। संघ का कहना है कि दिव्यांग कर्मचारी पहले से ही शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

---

पूर्व सिंचाई मंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर सभी सुविधाएं दुरुस्त करने की उठाई मांग

# मेडिकल कॉलेज में अब तक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व्यक्तिगत दखल देकर करें सुधार


नारनौल। मेडिकल कॉलेज फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास की दिनों दिन बिगड़ती व्यवस्था के मध्यनज़र पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को व्यक्तिगत पत्र लिखकर उनसे व्यक्तिगत दख़ल देकर इसमें सुधार करने का अनुरोध किया है। डॉक्टर अभय सिंह यादव इस संस्था के निर्माण के साथ प्रारंभ से ही जुड़े हुए हैं तथा इस मेडिकल कॉलेज के अस्तित्व में आने में उनकी अपनी एक भूमिका रही है। वह इस कॉलेज के हालातों के बारे में समय समय पर आगाह भी करते रहे हैं । इसी कड़ी में मंगलवार को उन्होंने सीधे स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र के माध्यम से अपनी बात कही है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाते हुए कहा कि जैसा उन्हें मालूम है कि इस मेडिकल कॉलेज की ओपीडी को प्रारंभ हुए लगभग एक साल अगले कुछ महीनों में पूरा होने जा रहा है। 100 मेडिकल विद्यार्थी इस कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। परंतु इस कॉलेज में अब तक न तो सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है और न ही अन्य मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ़ की पूरी नियुक्तियां कॉलेज में हो पाई हैं और यहां तक कि मैडिकल कॉलेज को अभी स्थाई डायरेक्टर की नियुक्ति का भी इंतज़ार है । कॉलेज का बिजली कनेक्शन भी अभी कॉलेज की आवश्यकता के अनुसार नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप मेडिकल शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है तथा क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

#### ओपीडी 50 के आसपास आकर टिकी

इन हालातों में रोज़ाना की ओपीडी में मरीज़ों की संख्या 50 के आसपास आकर टिक गई है। डॉक्टर यादव ने स्वास्थ्य मंत्री को स्पष्ट लिखा है कि वह इस बात से सहमत होंगी कि यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है अपितु यह एक सामाजिक विषय है जहां यह संस्था लोगों की अपेक्षा और उच्चकोटि के इलाज की आशाओं के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब कॉलेज की नींव रखी गई थी उस समय क्षेत्र के लोगों को यह बताया गया था कि यह संस्था बनने के उपरांत उन्हें इलाज के लिए जयपुर या अन्य शहरों में मरीज़ों को लेकर नहीं भागना पड़ेगा। परंतु अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है।

#### कॉलेज टॉप गियर में चल रहा : पूर्व विधायक

पूर्व विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के इस ज़िले से होने के कारण यहां की जनता की अपनी स्वास्थ्य मंत्री से यह स्वाभाविक अपेक्षा है कि यह कॉलेज टॉप गियर में चले और यहाँ सभी चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हों। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया कि इस मामले में उनका व्यक्तिगत दख़ल अविलंब आवश्यक है तथा वह व्यक्तिगत स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि यहाँ सभी सुविधाएँ उपलब्ध हों। डॉक्टर यादव ने कहा कि इस संस्था के प्रति जो लोगों की अपेक्षाएं और आशाएँ हैं उन के अनुरूप ही उनको चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि यदि इस संस्था को वह पूर्ण रूप से अपेक्षित स्तर तक विकसित करने में सफल होती हैं तो यह उनका इस क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ा योगदान होगा, जिसके लिए हमेशा लोग याद करेंगे। इसके लिए उन्होंने उनको अपनी तरफ़ से शुभकामनाएं दी। डॉक्टर अभय सिंह यादव ने यह पत्र प्रेस को जारी करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज राजनीति का विषय नहीं है और न ही इस पत्र का कोई राजनीतिक मंतव्य है। क्योंकि इस संस्था से वह भावनात्मक लगाव रखते हैं।

---


महेंद्रगढ़। जॉब मेले में हिस्सा लेने आए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी कॉलेज के छात्रों लिया जॉब फेयर में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर में युवाओं के उज्जवल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से एक भव्य जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रोजगार की तलाश में आए विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह जॉब फेयर न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षा और उद्योग जगत के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में भी उभरा। जाब फेयर के दौरान यदुवंशी कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। यूजी और पीजी दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए विभिन्न कंपनियों के समक्ष स्वयं को प्रस्तुत किया। छात्रों ने बायोडाटा जमा करवाने साक्षात्कार देने करियर काउंसलिंग लेने और विभिन्न कंपनियों की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर प्राप्त किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के इस प्रोग्राम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की आयोजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते है।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान उपस्थित रहे।

---

## हकेंवि में साइबर सुरक्षा पर हुआ व्याख्यान

### साइबर खतरों की बढ़ती चुनौतियों पर डाला विस्तार से प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के साथ दूरसंचार विभाग के अधिकारी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दूरसंचार परिदृश्य में साइबर और डिजिटल सुरक्षा विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूरसंचार विभाग, हरियाणा एलएसए के प्रतिनिधिमंडल में अतिरिक्त महानिदेशक आर शाक्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप महानिदेशक अशोक कुमार तथा निदेशक (प्रौद्योगिकी) कर्ण गोयल भी उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्य वक्ता आर शाक्य ने अपने संबोधन में तेजी से बदलते दूरसंचार क्षेत्र में साइबर खतरों की बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 5जी विस्तार, क्लाउड कंप्यूटिंग तथा बढ़ती डिजिटल निर्भरता के इस दौर में मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे और डिजिटल जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि सुदृढ़ एवं सुरक्षित डिजिटल संचार नेटवर्क सुनिश्चित करने में सरकारी पहलों तथा नियामकीय तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें 5जी यूज केस लैब्स को नवाचार एवं कौशल विकास केंद्र के रूप में और प्रभावी बनाने के लिए सहयोगात्मक तंत्र पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उद्योग-अकादमिक सहयोग, विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक अनुभव उपलब्ध कराने तथा 5जी आधारित सामाजिक उपयोगी अनुप्रयोगों के विकास के लिए नवाचार चुनौतियों एवं प्रोत्साहन तंत्र विकसित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. राकेश कुमार एवं डॉ. सुशील कुमार ने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए विषय की प्रासंगिकता की सराहना करते हुए ऐसे व्याख्यानों को ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम में दूरसंचार विभाग अधिकारियों अशोक कुमार, कर्ण गोयल एवं अंकुर ने भी भारत में साइबर सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे नीतिगत प्रयासों पर अपने विचार साझा किए।

#### छात्र को किया जागरूक

कार्यक्रम का समापन संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जुड़े साइबर सुरक्षा के मुद्दों तथा दूरसंचार एवं डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

---

## एनएसएस शिविर में कानून व पर्यावरण की जानकारी दी

### महिलाओं से संबंधित कानूनी अधिकारों को विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। रघुनाथपुरा में जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा प्राथमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में आयोजित एनएसएस शिविर के चौथे दिन कानूनी जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने की। कार्यक्रम में कानूनी जागरूकता हेतु एडवोकेट गिरिबाला तथा वन स्टॉप केंद्र से डॉ. वंदना यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को महिलाओं से संबंधित कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनों तथा वन स्टॉप केंद्र की सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्राओं को किसी भी समस्या की स्थिति में उपलब्ध कानूनी सहायता एवं सरकारी संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मनमीत कौर, डॉ. सुनीता देवी एवं डॉ. वंदना कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही बच्चों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रेरक नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के मनोरंजन एवं सहभागिता को बढ़ाने के लिए म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन भी किया गया।

---

## त्रिवेणी लगाकर मनाया राव इंद्रजीत सिंह का जन्मदिन



**मंडी अटेली।** अटेली विधानसभा में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा प्रदीप सराय एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विनोद कटकई के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ दक्षिण हरियाणा के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिवस त्रिवेणी पेड़ एवं भेलपत्र के पौधे लगाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। प्रदीप सराय ने कहा कि राव साहब इस क्षेत्र के जन-जन के नेता हैं और सभी वर्गों के हितैषी हैं। उनके कुशल नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास हुआ है। इतना ही नहीं, उनकी बदौलत ही माजरा गांव में एम्स का निर्माण कार्य जोरों पर है। जिस प्रकार उनके परिवार ने सदैव जनता की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित किया। उसी तरह उनकी बेटी आरती सिंह राव जनसेवा में तत्पर हैं। मंत्री के रूप में आरती राव की कार्यशैली बेहद सराहनीय है। इस मौके पर संजीव यादव, सत्यनारायण, विकास व विक्की आदि मौजूद रहे।

---

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं संस्थान का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने की। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है, जो उनमें सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिविर के दौरान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाजोपयोगी गतिविधियों में भाग लें। मुख्य अतिथि एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने कहा कि युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है और एनएसएस जैसे कार्यक्रम युवाओं को समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उ इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी प्रशांत यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइबर क्राइम जैसे समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। पुलिस महकमे की ओर से इंद्रजीत सिंह ने साइबर फ्रॉड पर विशेष संबोधन दिया। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

---

प्रबंधन कमेटी ने किया सम्मानित

## अक्षत को मिस्टर, निकिता शर्मा को मिला मिस खिताब



**नांगल चौधरी।** सरस्वती सीनियर सकेंडरी स्कूल में फेयरवेल पार्टी की आयोजन प्राचार्या वंदना यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने हवन में आहूति डालकर सीनियरों के उज्जवल भविष्य की मन्नतें मांगी तथा भावभीनी विदाई दी है। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सीनियरों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में संस्कार और अनुशासन का समावेश होना जरूरी है। जिससे आत्मिक विकास होने के साथ समाज को विभिन्न कुरीतियों से निजात मिलेगी। इसके लिए स्कूल में सप्ताहिक सेमीनार की परंपरा बनी हुई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र संपन्न होने पर स्कूल में फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित हुआ है। संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने द्वीप प्रज्जवलित करके समारोह का शुभारंभ किया जिसमें 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हवन में आहूति डाली। इसके बाद उन्होंने सांस्कृतिक समूह गान व भाषणों के माध्यम से सीनियरों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मिस्टर व मिस प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें अक्षत यादव को मिस्टर तथा निकिता शर्मा ने मिस का खिताब जीता है।

---

**आयोजन** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में लगे रोजगार मेले में लगी बेरोजगारों की भीड़

24 कंपनियों व संस्थानों ने रोजगार मेले में की सहभागिता

## रोजगार मेला युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोलने वाला महत्वपूर्ण मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़।


महेंद्रगढ़। रोजगार मेले में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा गुरुग्राम मंडलीय रोजगार कार्यालय के सहयोग से मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में जॉब फेयर आयोजित किया गया। इस आयोजन को रोजगार कार्यालय नारनौल का विशेष सहयोग प्राप्त है। इस रोजगार मेले में 24 कंपनियों व संस्थानों ने विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिभागिता की। जिनमें हमदर्द फूड्स, होलीडे इन, सन फार्मास्युटिकल, मेक्स हेल्थकेयर, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लाल पैथ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ब्लिंकिट व जुपिटर प्रा. लिमिटेड आदि प्रमुख रहीं। इस रोजगार मेले में गुरुग्राम मंडलीय रोजगार अधिकारी रितु हुड्डा तथा नारनौल जिला रोजगार अधिकारी रंजीत रावत भी उपस्थित रहे। आयोजन में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव भी उपस्थित रहे। कंवर सिंह यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेला युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोलने वाला महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों की सहभागिता से विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष संवाद एवं चयन के अवसर प्राप्त होते हैं, जिससे उनके करियर निर्माण को सशक्त आधार मिलता है। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा और रोजगार के मध्य व्यावहारिक सेतु स्थापित करते हैं।

#### ऐसे आयोजन खोलते हैं रोजगार के द्वार

विधायक कंवर सिंह यादव ने सभी कपंनियों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले समय था कि उत्तर क्या है, अब समय है कि प्रश्न क्या है। जो प्रश्न पूछना जानता है वहीं इस युग में प्रगति कर सकता है। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय का उद्योग के जरुरतों के अनुरूप विद्यार्थियों का कौशल विकास करना होगा। कुलपति ने जोर देते हुए कहा कि हम उद्योत जगत की कंपनियों के साथ एक सार्थक संबंध स्थापित करना चाहते हैं ताकि हर योग्य विद्यार्थी को योग्य कंपनी और योग्य कंपनी को योग्य विद्यार्थी मिल सके। विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. दिव्या ने बताया कि इस रोजगार मेले में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी सहित विभिन्न जिलों के राजकीय महाविद्यालयों के 1040 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। आयोजन में उपनिदेशक डॉ. विकास सिवाच, डॉ. सुशील कुमार एवं डॉ. सुयश मिश्रा सक्रिय भागीदारी की।

---

## नायब सूबेदार सेना पुलिस चीफ आफ आर्मी स्टाफ मेडल से सम्मानित


नारनौल। नायब सूबेदार संजीव कुमार को सममनित करते अधिकारी।

**नारनौल।** बुहाना खंड स्थित ग्राम जयसिंहपुरा के सेना पुलिस के जवान नायब सूबेदार संजीव कुमार को जयपुर में आर्मी डे परेड-2026 में सिविल पुलिस और सिविल अथॉरिटी के साथ मिलकर सर्वोत्कृष्ट कार्य करने पर सेवा के जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ मेडल से सम्मानित किया गया। डॉ. वीरेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया छोटे भाई नायब सूबेदार संजीव कुमार ने जयपुर में आर्मी डे परेड में प्रथम बार आमजनता के बीच लगभग 30 लाख लोगों ने हिस्सा था, जिसमें पूर्ण रूप से व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्य मिलिट्री पुलिस द्वारा किया गया था, जिनमें इनका कार्य सर्वोत्कृष्ट था। इस सम्मान से पहले भी दो बार लेफ्टिनेंट जनरल पीएम थीमैया ओसी टर्निंग कमाण्ड शिमला-2018 में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। दूसरा सम्मान लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र सिंह द्वारा जयपुर में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह दोनों सम्मान भी उत्कृष्ट सेवा कार्य करने पर दिए गए।

**NOTICE**

I, Pankaj S/o Sh. Subhash Chand R/o H.No. 52, Ward No. 5, Teh. Mandi Ateli, Distt. Mohindergarh, Haryana declare that my Seal deed has been lost on 20.05.2019 at 9:00 A.M. somewhere in Ateli. If any body find the same he may inform at the following Mobile no. 08299201908.


HAPPY
Birthday
तुम जिओ हजारों साला साल के दिन हो पचास हजार।।
देश के लोकप्रिय नेता, अहीरवाल की शान केंद्रीय मंत्री
राव इंद्रजीत सिंह
को जन्म दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
आरती राव
स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा
थानेदार
वीरसिंह धनौंदा
बिन्नु देवी
सरपंच ग्राम पंचायत धनौंदा, खण्ड कनीना हलका अटेली


हरियाणा के बब्बर शेर
राव इन्द्रजीत सिंह जी
केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार
को
जन्मदिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास यादव
बड़कोदा
हल्का नांगल चौधरी M. 7400007474



हरियाणा की
आन-बान-शान
शेर-ऐ हरियाणा
आरती सिंह राव
माननीय स्वास्थ्य मंत्री
हरियाणा सरकार
केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार
श्री राव इन्द्रजीत सिंह को
जन्मदिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तुम जियों हजारों साल,
साल के दिन हो
पचास हजार
रिंकु यादव
सरपंच
ग्राम पंचायत धनौंदा

हकेंवि में संचार उत्सव के समापन पर विद्यार्थियों की प्रतिभा के हुए सभी कायल, प्रशंसा की

# फोटोग्राफी में आशीष कुमार प्रथम और विनिता को मिला दूसरा स्थान

वाद-विवाद में जतिन ने प्रथम, श्रेया ने द्वितीय और निमिषा ने तृतीय प्राप्त कर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



24 महेंद्रगढ़। विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति । फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित संचार उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। इस मीडिया महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों के 374 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इवेंट में प्रतिभागिता करना भी विजयी होने के समान होता है। उन्होंने आयोजन के लिए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सराहना की। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. पायल कंवर चंदेल, कार्यक्रम समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. प्रशांत कुमार, डॉ. आलेख सच्चिदानंद नायक, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुरेंद्र, श्रीप्रकाश व अन्य विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहें। आयोजन में प्रेस विज्ञप्ति, पीस टू कैमरा, फोटोग्राफी, वाद-विवाद, लघु फिल्म/वीडियो, एंड मैड शो, रील मेकिंग, ओपन माइक और कविता पाठ सहित कुल नौ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें प्रेस विज्ञप्ति में निमिषा ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय तथा महक ने तृतीय; पीस टू कैमरा में अदिति और विशाल ने प्रथम, खुशी और शिवम शिवम द्वितीय तथा इशिता और अंशित ने तृतीय; फोटोग्राफी में आशीष कुमार ने प्रथम, विनिता ने द्वितीय तथा खुशबू ने तृतीय; वाद-विवाद जतिन ने प्रथम, श्रेया ने द्वितीय तथा निमिषा ने तृतीय; पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता ने बताया कि इस आयोजन में सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ; जेसी बोस यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद; गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी, हिसार; हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़; एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम; जाट कॉलेज, रोहतक; निस्कोर्ट मीडिया कॉलेज, गाजियाबाद; महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की टीमों ने प्रतिभागिता की। उन्होंने मीडिया महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लघु फिल्म/वीडियो में छाए विद्यार्थी

लघु फिल्म/वीडियो में अख्तर व टीम ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय तथा शेख कासिफ ने तृतीय; रील मेकिंग में सूर्यांश ने प्रथम, अक्षिका ने द्वितीय तथा शिवांगी ने तृतीय; एड मैड शो में जतिन व टीम ने प्रथम, कुमकुम व टीम ने द्वितीय तथा निमिषा व टीम ने तृतीय; कविता पाठ में निमिषा ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा जतिन ने तृतीय; ओपन माइक में अनिता ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय तथा अंकुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# द वेदांता स्कूल और राजकीय विद्यालय के छात्रों ने दिया खेलभावना का परिचय

- दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल एवं राजकीय विद्यालय के बीच ट्विनिंग ऑफ स्कूल्स कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। द वेदांता स्कूल और राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी एक साथ।



द वेदांता स्कूल और राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी एक दूसरे को परिचय देते हुए।

दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ट्विनिंग ऑफ स्कूल्स कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द तथा खेल भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रस्साकशी , दौड़ प्रतियोगिता तथा भाला फेंक प्रमुख रहे। सभी खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल मैदान में उत्साह, उमंग और टीमवर्क का सुंदर दृश्य देखने को मिला।इसके साथ ही विद्यार्थियों को विद्यालय की साइंस लैब, स्पोर्ट्स लैब एवं म्यूजिक लैब का भ्रमण भी कराया गया। प्रयोगशालाओं में उपलब्ध आधुनिक सुविधाएँ देखकर सभी विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न हुए। विज्ञान प्रयोगों, खेल संसाधनों तथा संगीत वाद्ययंत्रों को नजदीक से देखने और समझने का अनुभव विद्यार्थियों के लिए बहुत ही रोचक रहा।

### ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में बढ़ता है आत्मविश्वास

कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थी बेहद खुश नजर आए और उन्होंने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर विनोद कुमार यादव और प्रधानाचार्य अनिल मुखिजा ने अपने संदेश में कहा कि ट्विनिंग ऑफ स्कूल्स जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।शिक्षकों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह ट्विनिंग ऑफ स्कूल्स कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए एक यादगार, आनंददायक एवं प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ।

## न्यूज डायरी



नारनौल। चिकित्सक टीम को सम्मानित करते स्कूल संचालक।

### कैंप में 38 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच

**नारनौल।** गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में मंगलवार यशोदा बच्चों का अस्पताल की ओर से निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। इसमें डॉक्टर सपना शेखावत व डॉक्टर दुष्यंत जांगिड़ ने 238 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को संतुलित आहार ही दिया जाए। जिससे बच्चे का अच्छा विकास होता है। इस आहार में उन्होंने कहा कि अंकुरित चने, मूंग, हरी सब्जी आदि पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में जो तेज मसाले वाले बाजार में आइटम्स आए हुए हैं, उनसे बच्चों को दूर रखना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार ने अस्पताल से आई पूरी टीम का स्वागत किया।



नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### यदुवंशी का छात्र कलिंद ने राज्य स्तर पर प्रथम

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रतिभाशाली छात्र कलिंद पुत्र पवन कुमार ने लीगल लिटरेसी पेंटिंग प्रतियोगिता में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कलिंद ने चारों स्तरों पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए। ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर नगद राशि 300 रुपये, जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर नगद राशि 2100 रुपये, डिविशनल स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर नगद राशि 5100 रुपये, राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर नगद राशि 11000 रुपये प्राप्त किए हैं। इन चारों स्तरों पर लगातार प्रथम स्थान पाना कलिंद की कड़ी मेहनत, कला के प्रति समर्पण और रचनात्मकता की अनूठी मिसाल है।



महेंद्रगढ़। शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों को रवाना करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

### हकेंवि के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 10 से 17 फरवरी तक आठ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को गंगा तट की पावन भूमि तथा उत्तराखंड की संस्कृति, सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक परंपराओं और जनजीवन को समझने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय में समाशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. टी. लोंग्कोई ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी मेरठ, ऋषिकेश, देहरादून और हरिद्वार के महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण से वहां की विविध सामाजिक, सांस्कृतिक, पारिस्थितिक एवं संस्थागत परिवेश से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।



महेंद्रगढ़। शॉपिंग कॉम्पलैक्स का निरीक्षण करती एसडीएम।

### एसडीएम ने किया बाजार का निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** अतिक्रमण मुक्त महेंद्रगढ़ अभियान के तहत एसडीएम कनिका गोयल ने मंगलवार को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व बाजार का निरीक्षण किया। दुकान से बाहर रखने वाले दुकानदारों के चालान भी किए और भविष्य में ऐसा ना करने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने कहा है कि महेंद्रगढ़ में शॉपिंग कॉम्पलैक्स के बरामदे व सड़कों पर अपना कोई भी स्थाई या बेचने वाली वस्तु नहीं रखेंगे। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सभी दुकानदार अपने अधिकृत क्षेत्र में ही अपना सामान रखें जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़ें।